तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 2 मई 2026

12 सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण का होगा पुरजोर विरोध...

13 श्रम दिवस पर 'बोरे-बासी' के साथ श्रमिकों का सम्मान




## खबर संक्षेप

### गोण्डवाना गोंड़ महासभा की मासिक बैठक कल

बालोद। छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 3 मई रविवार को सिवनी स्थित गोंडवाना भवन में प्रथम पहर 11.30 बजे रखी गई है। इसमें 24 जून को महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाने के कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी। मीडिया प्रभारी जिला बालोद दिलीप नागवंशी ने बताया बैठक में जिला स्तर के समस्त पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौडी लोहारा, डौंडी, दल्लीराजहरा व अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके समस्त पदाधिकारीगण सभी परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी गण को उपस्थित होने के लिए अपील जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने की है।

### पेंशनरों की बैठक 5 को, फॉर्म 121 भरने रहेगा विशेष फोकस

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौंडीलोहारा की आगामी बैठक 5 मई दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे से नया पेंशनर भवन डौंडीलोहारा में आयोजित की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से फॉर्म 121 भरने की प्रक्रिया पर चर्चा करते हुए पेंशनरों से फॉर्म भरवाया जाएगा। इसके लिए संबंधित पेंशनरों को अपने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वयं हस्ताक्षरित प्रतियां साथ लाकर बैंक में जमा करनी होंगी। जानकारी के अनुसार जिन पेंशनरों के टीडीएस कटौती, फिक्स डिपॉजिट अथवा पासबुक में अधिक राशि जमा है, उन्हें अनिवार्य रूप से फॉर्म 121 भरना होगा। साथ ही जिन पेंशनरों ने पूर्व में 15 एच या 15 जी फॉर्म भरा था, उन्हें भी पुनः यह फॉर्म भरना आवश्यक रहेगा। बैठक में नए सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। पेंशनर समाज डौंडीलोहारा के अध्यक्ष सियाराम शार्वां ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिक से अधिक पेंशनरों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मजदूर दिवस पर फूटा मनरेगा श्रमिकों का गुस्सा

**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर क्षेत्र में मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान स्थानीय विधायक संगीता सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर मजदूरों के हक में आवाज उठाई और लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान करने की मांग की। मजदूरों ने बताया कि जनवरी 2026 से अब तक उन्हें किए गए कार्यों की मजदूरी नहीं मिली है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। परिवार का भरण–पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें पूरी करना कठिन हो गया है। विधायक संगीता सिन्हा ने मजदूरों से ▶▶| शेष पेज 12 पर



### अवैध शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** उतई पुलिस ने पाटन पुल नहर के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। 29 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नहर किनारे ग्राहक तलाश कर अवैध शराब बिक्री कर रहा है।

# फौजी सरपंच निभा रहे अपना वादा, गांव की बेटियों की शादी में दे रहे 5100 की कन्यादान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बीएसएफ सेवानिवृत गातापार सरपंच रेवा राम साहू ने चुनाव वादा किया था कि ग्राम पंचायत में निवासरत बेटियों को विवाह में 5100 रुपए भेंट देंगे। सरपंच रेवा राम साहू ने कहा देश की सेवा करने में समर्पित होकर वादा निभाया और अब ग्राम पंचायत का सरपंच बनकर चुनाव में किए गए वादे निभाने का कार्य कर रहा हूं।

सरपंच साहू ने बताया कि वर्ष 2025 में आश्रित ग्राम उमरपोटी की 5 बेटियों के विवाह में और वर्ष 2026 में ग्राम पंचायत गातापार की 5 बेटियों के विवाह में प्रत्येक परिवार को 5100 रुपए की सहयोग राशि भेंट की गई। साहू ने कहा बीएसएफ में रहते हुए देश की सेवा की, अब गांव की बेटियों का सहयोग कर जनसेवा कर रहा हूं। बेटी का विवाह हर माता–पिता के लिए बड़ी जिम्मेदारी होती है। हमारा छोटा सा सहयोग उनके चेहरे पर मुस्कान ला सके तो यही हमारी जीत है। लाभार्थी परिवारों ने सरपंच की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस राशि से उन्हें विवाह के समय बड़ी राहत मिली। ग्रामीणों ने भी सरपंच की संवेदनशीलता और वादे को निभाने की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

**बेटी का विवाह हर माता-पिता के लिए बड़ी जिम्मेदारी**




कार्रवाई : डौंडीलोहारा और गुण्डरदेही के बीएमओ को नोटिस, कई कर्मियों का वेतन रुका

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ दिलाने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बुधवार 29 अप्रैल को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय कामकाज की गहन समीक्षा की।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के कार्य की प्रगति संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर विकासखण्ड डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों के अलावा वीईटीओ एवं बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों में अपेक्षित उपलब्धि नही करने वाले सीएचओ एवं आरएचओ के साथ–साथ शून्य प्रसव वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के कर्मचारियों की भी वेतन रोकने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।




उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के अलावा व्यवस्था में सुधार होने तक उनके वेतन पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में चंद्रवंशी ने कहा कि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराना शासन की विशेष प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में चंद्रवंशी ने पिछले बैठक के पालन प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही के अलावा टीकाकरण, परिवार नियोजन, कुष्ठ रोग उन्मुलन, डायलिसिस कार्यक्रम, टीबी उन्मुलन, तंबाकु नियंत्रण कार्यक्रम, सिकलसेल, एनीमिया, मलेरिया जांच के अलावा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों के आधार बेस्ड उपस्थिति आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

# जल्दबाजी में पिकअप ने रेलवे फाटक को मारी टक्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

फाटक बंद होने से पहले वाहन को निकालने के जल्दबाजी में पिकअप वाहन चालक ने रेल्वे फाटक के गेट को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके मरम्मत कार्य के कारण घंटेभर आवाजाही प्रभावित रही।

- फाटक के क्षतिग्रस्त होने से एक घंटे तक लगा रहा जाम

मिली जानकारी के अनुसार बालोद–राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक रेल आवाजाही होने के पहले बंद किया जा रहा था। इसी दौरान पिकअप वाहन चालक जो बालोद शहर से राजनादगांव की ओर जा रहा था, रेलवे फाटक बंद होने के दौरान गेट से टकरा गया। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर ट्रेन आने की सूचना के बाद फाटक को बंद किया जा रहा था। इसी दौरान पिकअप चालक ने जल्दबाजी में फाटक बंद होने से पहले निकलने का प्रयास किया, लेकिन वाहन समय पर पार नहीं हो सका और सीधे फाटक के एक गेट से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि फाटक का गेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मुख्य मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें ▶▶| शेष पेज 12 पर

# बुद्ध पूर्णिमा पर समाज ने लिया शांति और करुणा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौण्डीलोहारा द्वारा आम्बेडकर भवन में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और कार्यक्रम धार्मिक व सामाजिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। प्रारंभ में बली रामटेके ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भगवान बुद्ध के उपदेशों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया और समाज में शांति, करुणा एवं अहिंसा के मूल्यों को बढ़ावा देने की बात कही। इसके पश्चात रमेश गजभिए, राजकुमार रामटेके, डोंगरमल वासनिक, संगीता वैद्ये एवं विजय वैद्ये ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने भगवान गौतम बुद्ध के जीवन, उनके त्याग, तपस्या और मानव कल्याण के लिए दिए गए संदेशों को याद करते हुए कहा कि आज के समय में बुद्ध के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज में भाईचारा, समानता और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बुद्ध वंदना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। वक्ताओं ने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे बुद्ध के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में अपनी भूमिका निभाएं।

अंत में खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया, जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। आयोजन के सफल संचालन में महासभा के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।




# शो-पीस बनी जल जीवन मिशन की टंकी बूंद-बूंद पानी को तरस रहा उरेटा गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत कसही के आश्रित ग्राम उरेटा में हर साल गर्मी आते ही जल संकट भयावह रूप ले लेता है, लेकिन इस बार हालात और भी चिंताजनक हो गयी है। लगभग 1000 की आबादी वाले इस गांव में पानी की किल्लत इतनी गंभीर है कि लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांव में करीब 90 मकान पुरानी बस्ती में और 40 मकान नई बस्ती में हैं, लेकिन दोनों ही बस्तियों के लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जल जीवन मिशन के तहत करीब तीन वर्ष पहले बनाई गई पानी की टंकी आज तक चालू नहीं हो सकी है और महज एक शो-पीस बनकर रह गई है। इससे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नहाने और दैनिक उपयोग के लिए पूरे गांव में सिर्फ एक ही तालाब है, जिसमें सभी लोग निस्तारी करते हैं। वहीं पीने के पानी के लिए कई बार बोरवेल खुदवाए गए, लेकिन अधिकांश बोर से पर्याप्त पानी नहीं निकल पाया।

- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही उजागर, 1000 आबादी वाले गांव में पानी के लिए जद्दोजहद




एकमात्र सफल बोरवेल गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर डौंडीलोहारा सीमा में स्थित है, जिससे किसी तरह पुरानी बस्ती में पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन वहां भी कई घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता। जब यह बोर खराब हो जाता है, तब गर्मी के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाती हैं।

नई बस्ती के लोग तो और भी ज्यादा परेशान हैं, जहां अधिकांश परिवार एकमात्र कुएं पर निर्भर हैं। यहां लोग रस्सी-बाल्टी के सहारे पानी निकालकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं, जो कि आज के समय में बुनियादी सुविधाओं की विफलता को दर्शाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

गांव में बनी पानी टंकी अगर समय पर चालू कर दी जाती, तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। अब सवाल यह उठता है कि आखिर करोड़ों की योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित क्यों रह जाती हैं? क्या जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ योजनाओं का क्रियान्वयन कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं? गांव के लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जल संकट का स्थायी समाधान करने और बंद पड़ी टंकी को शुरू कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार की तैयारी पुख्ता रखने दिए निर्देश

# कलेक्टर का सख्त निर्देश, समय पर निपटाएं राजस्व प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को आम जनता के राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे की आम जनता को राजस्व संबंधी समस्याओं के निपटारा के लिए किसी भी प्रकार परेशानी का सामना न करने पड़े।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अधिकार अभिलेखों का शीघ्र निर्माण करने तथा आरबीसी 6/4 के प्रकरणों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने अनुविभाग एवं तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत आम जनता के राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के सफल आयोजन हेतु संबंधित अनुविभाग के एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदारों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इनके दिशा–निर्देशन में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन एवं सुशासन तिहार से संबंधित अन्य सभी कार्यों का सम्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके लिए उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में शामिल होने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः–अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:–7354–411411

# राशन दुकानों में 3 महीने का स्टॉक रखना जरूरी, अफसर करें मॉनीटरिंग : गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पीडब्ल्यूडी के सभाकक्ष में जिले में सुशासन तिहार की तैयारियों एवं विभागवार समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, राशन कार्ड, खाद-बीज भंडारण, शिक्षा, स्वास्थ्य सिंचाई, विद्युत एवं पेयजल जैसी जनजीवन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राशन दुकानों के संचालन को लेकर लगातार शिकायतें आ रही है। खाद्न्न वितरण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि हर राशन दुकान की मॉनीटरिंग की जाए। तीन महीने का स्टाक रखा जाए। वहीं लंबे समय से एक संचालक द्वारा दुकान के संचालन या एक से अधिक दुकानों को ऑपरेट करने वाले राशन दुकान संचालकों की सूची तैयार की जाए। उन्हें बदला जाए।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने आगामी 1 मई से प्रारंभ होने वाले सुशासन तिहार की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जनता को शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी विलंब के प्राप्त हो सके। साथ ही सभी अधिकारियों को पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। जिले में प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने सभी विभागों के अधिकारियों को विस्तार से दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा होगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वर देवांगन, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## मंत्री गजेन्द्र यादव ने सुशासन तिहार की तैयारियों एवं विभागवार समीक्षा बैठक ली

### राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर

मंत्री ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण किया जाए। विशेष रूप से जो प्रकरण निर्धारित समय सीमा से बाहर हो चुके हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए। शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए जिले में एक स्कूल को "मॉडल स्कूल" के रूप में विकसित करने की योजना पर काम करने को कहा गया। इसके अलावा आदर्श कन्या स्कूल में विद्यार्थियों को जेईई और नेट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के निर्देश दिए गए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी बेहतर अवसर मिल सके।



### उचित मूल्य दुकानों में पारदर्शिता और राशन की उपलब्धता

खाद्य विभाग को निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि जिन उचित मूल्य दुकानों का संचालन लंबे समय से एक ही व्यक्ति के पास है, उन्हें बदलकर पात्र नए लोगों को अवसर दिया जाए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संचालित सभी दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी दुकान में तीन महीने का राशन स्टॉक से कम न हो, और यदि कहीं कमी है तो तत्काल पूर्ति की जाए। बैठक में जिले में संचालित 34 छात्रावासों की स्थिति को लेकर मंत्री ने चिंता जताई और आदिवासी विकास आयुक्त को सभी छात्रावासों का व्यापक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हों, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही जनपद सीईओ को निर्देश दिए गए कि गांवों में बीपी (ब्लड प्रेशर) और शुगर की नियमित जांच के लिए अभियान चलाया जाए, जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान हो सके। मनरेगा योजना के अंतर्गत मंत्री ने जून माह से पहले अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए। इसके लिए वनमण्डाधिकारी को भूमि चिन्हांकित कर तैयारी शुरू करने को कहा गया।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत प्राचार्य दयालूराम ने शिक्षा जगत में बनाई अलग पहचान

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र के एक साधारण किसान परिवार में



जन्म लेकर शिक्षा की अलख जगाने वाले राज्यपाल पुरस्कृत प्राचार्य दयालूराम पिकेश्वर 62 वर्ष की शासकीय सेवापूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। संघर्ष और समर्पण से भरा उनका जीवन आज के युवाओं और शिक्षा जगत के लिए एक प्रेरणास्रोत बन गया है। अपने 37 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने मड़ियाकट्टा और संबलपुर जैसे स्कूलों को नई पहचान दिलाई। उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें कई बड़े सम्मान मिले, जिसमें राज्यपाल पुरस्कार 2021, ज्ञानदीप एवं श्रेष्ठ प्रधान पाठक पुरस्कार 2019 और स्वच्छता एवं राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान शामिल हैं।पिकेश्वर ने केवल किताबी ज्ञान तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने बस्ता बोझ मुक्त शाला, बालिका शिक्षा, नशा मुक्ति, वृक्षारोपण और साक्षरता जैसे सामाजिक अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई। वे हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज महासभा के प्रचार मंत्री और भारत स्काउट गाइड बालोद के उपाध्यक्ष के रूप में भी सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद अब आगामी शिक्षण सत्र में उन्हें विभाग और समाज की ओर से सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। उनका सेवानिवृत्त होना एक पद से विदाई जरूर है, लेकिन उनके द्वारा स्थापित आदर्श आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### पंजाबी मेहरा महासभा की नई कमेटी का चुनाव 3 को

**भिलाई।** पंजाबी मेहरा महासभा की नई कमेटी का चुनाव 3 मई को संध्या 5 बजे गुरुद्वारा साहिब केम्प-1 में रखा गया है। किसी भी पद के इच्छुक व्यक्ति समय से 10 मिनट पहले आकर अपना नाम नोट करा सकते हैं।

### सेवानिवृत्त कार्मिकों को बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल माह में 83 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इसमें खदान बिरादरी के 6 सदस्यों सहित 12 कार्यपालक व 65 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं इसके अलावा भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। महाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास, जे एन ठाकुर और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

### चैंपियनशिप में भाग लेंगे छत्तीसगढ़ से आर. राजेन्दन

**भिलाई।** एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर 15 और अंडर 17 बालक/बालिका एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप ताशकंद (उज्बेकिस्तान) 03 से 15 मई 2026 तक आयोजित होने जा रही है।

## सौ करोड़ मासिक घाटा बताकर बेचने की कवायद, सीटू ने किया विरोध

# सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण का होगा पुरजोर विरोध, यूनियनें, ओए और संगठन होंगे एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 जेएलएन हास्पिटल को निजी हाथों में दिए जाने के लिए फिर से प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसके खिलाफ में यूनियनों, आफिसर्स एसोसिएशन और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों को एकजुट किया जा रहा है। सीटू यूनियन ने प्रबंधन को चेताया है कि अस्पताल के घाटे को आधार बनाकर इसके निजीकरण किए जाने का सभी संगठनों को लामबंद कर पुरजोर विरोध किया जाएगा। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष डिलाइट कंसल्टेंसी एजेंसी बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल का सर्वे कर इस अस्पताल को निजी हाथों में देने संबंधी अपना परामर्श दिया था। सीटू के मुताबिक तब से लेकर अब तक किसी न किसी रूप में जेएलएन सेक्टर नौ को बेचने की साजिश जारी है और इसकी प्रक्रिया जारी है। अस्पताल पर हर माह हो रहे खर्च को आधार बनाया जा रहा है। दिल्ली से यह कहा जा रहा है कि अस्पताल पर हर महीने 100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है, इसलिए इसे निजी हाथों में सौंप देना चाहिए। सीटू ने आगाह किया है कि अस्पताल को बेचे जाने की इस इस साजिश के खिलाफ सभी ट्रेड यूनियनों, ऑफिसर एसोसिएशन, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को साथ लेकर जन लामबंदी कर विरोध किया जाएगा।

### अधिकतर बीएसपी कर्मी व सेवानिवृत्त को इलाज की दरकार



### डॉक्टरों की भर्ती पर रोक

सीटू का आरोप है कि कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा डॉक्टरों की भर्ती पर जानबूझकर रोक लगाई गई है। कभी-कभार भर्ती की सूचना में अनुबंध की शर्तें और वेतन पैकेज ऐसे होते हैं कि योग्य डॉक्टर आकर्षित नहीं होते। जो डॉक्टर आते भी हैं वे बाद में आने की बात करके छुट्टी लेकर जाते है और वापस नहीं लौटते। हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में एक महिला डॉक्टर की भर्ती की गई, लेकिन उन्हें स्थायी नियुक्ति के बजा संविदा पर रखकर इतना परेशान किया गया कि वे नौकरी छोड़कर चली गईं।

### पीजी कालेज के साथ उपचार भी

अस्पताल को नो प्रॉफिट-नो लॉस के आधार पर चलाने के लिए सीटू पहले भी इसे मेडिकल कॉलेज अथवा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में बदलने का सुझाव दे चुका है। वर्तमान में सेक्टर-9 अस्पताल में डीएनबी कोर्स संचालित हो रहा है, जिसमें सभी विभागों में एमबीबीएस डॉक्टर डीएनबी की पढ़ाई के साथ मरीजों का उपचार कर रहे हैं। यूनियन के अनुसार यदि इसे पूर्ण रूप से पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में परिवर्तित किया जाता है, तो यहाँ प्रोफेसरों की नियुक्ति होगी और अधिक मेडिकल विद्यार्थी आएंगे, जिससे अस्पताल और सशक्त रूप से संचालित किया जा सकेगा।

### महंगे इलाज से निजी मरीजों से दूरी

सीटू नेताओं का कहना है कि प्रबंधन अस्पताल से निजी (नॉन-बीएसपी) मरीजों को दूर करने के लिए आपातकालीन सेवाओं, ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू और मेडिकल जांचों की दरों में अत्यधिक वृद्धि की गई। इससे बाहरी मरीजों का आना धीरे-धीरे कम हो गया और उनसे होने वाली आय में गिरावट आई। यूनियन इन दरों का अध्ययन कर रहा है और जल्द ही अस्पताल तथा संयंत्र प्रबंधन को सुझाव देगा।

### अत्याधुनिक उपकरणों से है लैस

सेक्टर-9 अस्पताल में कई अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं, जो भिलाई ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के बड़े अस्पतालों में भी नहीं हैं। इनमें 3 टेस्ला एमआरआई मशीन, कैंसर जांच उपकरण, विभिन्न प्रकार की ब्लड जांच मशीनें और सीटी स्कैन मशीन प्रमुख हैं। अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग के साथ 7 मंजिला नई इमारत, आधुनिक बर्न यूनिट, सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर, नवजात शिशु इकाई, आधुनिक ब्लड बैंक, आईसीयू, कैथ लैब, चेस्ट वार्ड, मनोरोग वार्ड और कैंसर यूनिट उपलब्ध हैं। अस्पताल में 850 बिस्तर हैं और प्रत्येक बिस्तर तक ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए अस्पताल का अपना ऑक्सीजन प्लांट भी है जो कोरोना में संजीवनी साबित हुआ।

### बीमारी से ग्रस्त होने से अस्पताल जरूरी

बीएसपी में 30 वर्षों की सेवा के दौरान अधिकांश कर्मियों के 10 वर्षों तक सी शिफ्ट में काम करने से उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती और कई प्रकार की बीमारियाँ हो जाती हैं। इसलिए नौकरी के दौरान और सेवानिवृत्ति के बाद भी अस्पताल की आवश्यकता बनी रहती है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा यहां दरें बढ़ाने के बाद भी जहां निजी मरीजों की संख्या घटी है वहीं स्थाई व रिटार कर्मियों की तादाद बढ़ी है। यदि अस्पताल को बेचने की कोशिश की गई, तो बीएसपी कर्मचारियों द्वारा भी इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

## आत्मानंद विद्यालय अछोली की छात्रा चंचल का जिले में आठवां स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शिक्षा सत्र 2025-26 के अंतिम दिवस 30 अप्रैल को शासकीय आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय अछोली में अध्ययनरत कक्षा नवमीं से बारहवीं वीं तक के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम जानने के लिए विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे और उत्साहित नजर आ रहे थे। परीक्षा परिणाम की घोषणा रोशन साहू, कुंजलाल भंडारी व शाला विकास समिति के सदस्यों की गरिमापूर्ण उपस्थिति में मां शारदे की पूजा अर्चना के साथ किया गया। कक्षा नवमीं का परिणाम 63% रहा जिसमें तृप्ति 87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान और कुछ हर्षिता ने 86% कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा ग्यारहवीं का परिणाम 88.23%रहा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में प्रशांत देशमुख 83.6%के साथ प्रथम स्थान और निखिल कुमार 82.6%के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्यारहवीं कला संकाय में वेणिका 76.8% अंकों के साथ प्रथम और कु.उषा ने 75.4% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्यारहवीं कामर्स संकाय में दीक्षा 66.6% के साथ प्रथम और भावेश कुमार 58%अको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 51.6% रहा, जिसमें यामिनी 84.5% अंकों के साथ प्रथम स्थान और प्रिया देवांगन 83.4% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा बारहवीं में का परिणाम 71.6% रहा जिसमें कला संकाय में चंचल साहू 92.6% अंकों के प्रथम स्थान और पूरे जिले में आठवां स्थान और ऐश्वर्या 76%अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बारहवीं विज्ञान संकाय में नेमा 83.6%अंकों के साथ प्रथम स्थान और मंजरी 82.6% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बारहवीं कामर्स संकाय में पुष्कर देवांगन 83.8% अंकों के साथ प्रथम स्थान और भामिनी 76.8%अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विद्यालय में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र भी बच्चों को वितरण किया गया। परीक्षा प्रभारी तृप्तिलता ठाकुर, गावरेजी और शाला के प्राचार्य आर एल तारम ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और जो बच्चे असफल हो गए हैं। इस अवसर पर संगीता दीवान, धनगुन मेडम, नूपुर ठाकुर, अंबेश्वरी सिन्हा, विभा ठाकुर, प्रिया थूल, यादवजी, वर्माजी, खरेजी, रजकजी और शाला के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## भागवत कथा के प्रारंभ पर निकाली कलश यात्रा



**बालोद/सिकोसा।** भागवत कथा के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम की शुरुआत गांव के दुर्गा मंदिर में पूजन–अर्चन के साथ हुआ। इसमें कलश यात्रा निकाली गई, गांव के शितला मंदिर एवं समीप



लगे हुए तालाब से पानी भरकर पूरे गांव का भ्रमण किया और फिर मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान पीतांबर साड़ी में सजी महिलाओं और किशोरियों ने मंगल गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धार्मिक अनुष्ठान में समाज सेवी राकेश शर्मा व उनकी पत्नी यजमान के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद भजन–कीर्तन का आयोजन किया जायेगा शर्मा बताया। जिसमें 2 मई को गणेश पूजा, वेदी स्थापना, जलाधिवास, अग्नाधिवास, पुष्याधियास, फलाधिवास, अनि श्थापना, शय्याधिवास होगा। 3 मई वेदी पूजन, हवन, पूर्णाहुति, आलौकिक श्रृंगार प्राणप्रतिप्ता, आरती, महाप्रसादी होगा। प्राण प्रतिष्ठा के प्रधान पंडित डॉ. विक्रांत दुबे, सह पंडित डॉ. आकाश दुबे होंगे।

## निगम कार्यालय को कबाड़ मुक्त कर आयुक्त ने कोष में जमा करावाए 12 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश का पालन करने रिसाली निगम बेहद संजीदा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पहल करते रिसाली निगम कार्यालय को कबाड़ मुक्त कराने में सफल हुई है। कबाड़ से ही निगम को 12 लाख की आय हुई है। प्रदेश

- विभागीय मंत्री अरूण साव ने समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश

के उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री ने 20 अप्रैल को समीक्षा बैठक करते निर्देश दिए थे कि कार्यालय में अनुपयोगी वस्तु को हटाए। विधिवत कार्यवाही कर कबाड़ को बेचे। इस बैठक के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा ने बिना देरी किए औपचारिकता पूरी कर कार्यालय के अलग-अलग स्थानों में रखे कबाड़ को निलामी प्रक्रिया के तहत हटाने की प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में कबाड़ से ही निगम को 12 लाख रूपए की आय हुई है। खास बात यह है कि आयुक्त ने पहले से कबाड़ में रखे सामानों को सूचीबद्ध करा लिया था। प्रदेश की राजधानी में हुई मंत्री के समीक्षा बैठक में निर्देश मिलते ही प्रक्रिया में तेजी लाई गई। आयुक्त ने ऑनलाईन नीलामी प्रक्रिया को पूरा करने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग एवं टैक्स प्रभारी रवि श्रीवास्तव को दी थी।



### पांच वर्ष से जमा था कबाड़

मंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश का यह पहला निकाय है जहां पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कबाड़ को ऑनलाईन निलाम प्रक्रिया से हटाया गया है। निगम गठन के पश्चात यह पहला अवसर है जब कबाड़ की निलामी प्रक्रिया पूरी की गई है। इस प्रक्रिया के तहत कार्यालय के अलग-अलग स्थानों में रखे 20 से अधिक प्रकार के कबाड़ की बिक्री की जा रही है। इसमें पुराने अखबार, खुले में रखे खराब इलेक्ट्रीकल समान, ई वेस्ट, जल विभाग के जंग लगे पाईप, टुटे फुटे सिंटेक्स टैंक आदि शामिल है।

### एमएसटीसी से हुई निविदा

कबाड़ को बेचने निगम ने एमएसटीसी (भारत सरकार का उपक्रम मेटल स्क्रेप, ट्रेंडिंग कंपनी) को सामानों की सूची संलग्न कर प्रस्ताव भेजा था। इसी प्रस्ताव के आधार पर ऑनलाईन निविदा जारी की गई थी। निविदा पश्चात 10 राष्ट्रीय स्तर की कबाड़ व्यापारियों ने बोली लगाते हुए निविदा में शामिल हुए थे। प्रक्रिया के पश्चात चयनित कबाड़ व्यापारी ने दो दिन पूर्व बोली की राशि में से 10 प्रतिशत की राशि और गुरूवार को शेष राशि जमा कर औपचारिकता पूरी की। बाद में सम्पूर्ण राशि गुरूवार को जमा कराकर औपचारिकता पूरी की है।

## मेधावी छात्रा डिंपल का ग्रामीणों ने किया सम्मान



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह निवासी डिंपल पिता दिलीप कुमार साहू ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शांताराम हाई स्कूल ठेकवाडीह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज ठेकवाडीह द्वारा श्रीफल एवं डायरी पेन साहित्य एवं स्त्रोत मंत्र पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया। डिंपल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी। उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को अपनी सफलता का आधार बताया। ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पूणोत्तम साहू ने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी उपलब्धि आने वालों के लिए प्रेरणा बनकर सामने आई है। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष पुर्णोत्तम साहू, संरक्षक मदन मोहन साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक केशव साहू उपस्थित रहे। डिंपल की इस उपलब्धि पर समस्त शिक्षक परिवार तथा रिखी राम साहू, उपाध्यक्ष नोहर सिंह साहू, सचिव हेमंत साहू, कोषाध्यक्ष खिलावन साहू, सह कोषाध्यक्ष नंदकुमार साहू, सहसचिव महेंद्र कुमार साहू सहित ग्रामीण साहू समाज ने बधाई दी।

## भगवान परशुराम की प्रतिमा का भव्य अनावरण कलश यात्रा और भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**भिलाई।** खुर्सीपार स्थित मंगल भवन के पास दीनदयाल पुरम में भगवान परशुराम की प्रतिमा का भव्य अनावरण एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत अखंड रामायण पाठ के समापन के साथ हुई, जिसके बाद विधि-विधान से भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे उपस्थित रहे और उनके द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया। साथ ही सर्व समाज के लिए निर्मित मंगल भवन का भी लोकार्पण किया गया। आयोजन के दौरान महिलाओं द्वारा लगभग 125 कलशों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिक बना दिया। इसके साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में शाम को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा पंडित रवि प्रकाश पांडे एवं अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा विधिवत संपन्न कराई गई। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु पाठक एवं पार्षद पीयूष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पेज 11 के शेष

### जल्दबाजी में पिकअप ...

लग गई, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और यातायात विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों के संयुक्त प्रयास से क्षतिग्रस्त फाटक को संभालते हुए यातायात को धीरे–धीरे सुचारू किया गया।

### मजदूर दिवस पर फूटा ...

चर्चा करते हुए कहा कि मजदूरों के साथ इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तुरंत बातचीत कर भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे इस मुद्दे को उच्च स्तर तक उठाएंगी। मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, लेकिन भुगतान में देरी से योजना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मजदूरों की मांग है कि लंबित मजदूरी का तुरंत भुगतान, भविष्य में समय पर, मजदूरी की गारंटी, रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने की मांग की है। मजदूरों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी : जिपं सदस्य गुलशन



**बालोद/निकुम।** जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा बोर्ड परीक्षा परिणाम में शहरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों ने कड़ी मेहनत कर परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर अपने अभिभावकों, गुरुजनों व अंचल का मान सम्मान बढ़ाया। इस अवसर पर लगातार ग्रामीण क्षेत्र की स्कूल में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने प्रयास करे, क्योंकि स्कूल भी शिक्षा का मंदिर है, हम सभा मिलकर स्कूल में भी समयदान करे, बच्चों से संवाद करें। इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने स्कूली बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में बेहतर प्रयास करें, वहीं जिन विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम अपेक्षा अनुरूप नहीं आया है, वह निराश ना हो, क्योंकि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है, पुनः आत्म विश्वास और कड़ी मेहनत लगन से फिर से अवसर व पूरक परीक्षा में प्रयास करें, सफलता जरूर मिलेगी।

### सशिमं में टापर छात्रों का सम्मान अगले सप्ताह







**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में बोर्ड परीक्षा 12वीं, 10 वीं, 8वीं एवं 5वीं के टॉप थ्री विधार्थियों के माता-पिता को सम्मान करने विद्यालय में अगले सप्ताह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि माता पिता की जागरूकता एवं बच्चों पर नियंत्रण अनुरूप ही गुरुजनों एवं बच्चों की मेहनत रंग लाती है तब बच्चों का परिणाम सुकून भरा गौरवान्वित करने लायक हो पाता है। विद्यालय में 12वीं लोमस सोनवानी 80 प्रतिशत, 10वीं नारायणी 86.5 प्रतिशत, 8 वीं हुलेश साहू 76 प्रतिशत एवं 5 वीं अर्णव धीवर 83 प्रतिशत प्रतिभा अंक के साथ कक्षा में प्रथम रहे।

### श्रमिक वर्ग देश और समाज की है रीढ़



**अंड।** 1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस एवं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक बोरे-बासी दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल सदस्य एवं पूर्व जनपद सदस्य दुर्ग भूपेंद्र बेलचंदन ने समस्त श्रमिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग देश और समाज की रीढ़ है। मजदूरों की मेहनत, लगन और समर्पण से ही विकास की इमारत खड़ी होती है। हर क्षेत्र में श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। भूपेंद्र बेलचंदन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस हमें श्रमिकों के अधिकार, सम्मान और उनके योगदान को याद करने का अवसर देता है। वहीं छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़ा बोरे-बासी दिवस मेहनतकश लोगों के श्रम और सरल जीवनशैली का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की परंपराओं और संस्कृति को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### निधन

### विमला देवी



**गुरूर।** ग्राम पलारी निवासी विमला देवी जाजू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वह स्व हरी नारायण जाजू की पत्नी, सुरेश जाजू की माता व तन्मय एवं वत्सल जाजू की दादी थीं।

## आयोजन : कांग्रेस विधायक संगीता ने मनरेगा भुगतान को लेकर सरकार को घेरा

# श्रम दिवस पर 'बोरे-बासी' के साथ श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

श्रम दिवस पर श्रम के सम्मान में बोरे–बासी का सादगीपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुमीत राजपूत, सचिव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जमील खान, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिवम् कुरैटी, युवा नेता हिमांशु लावत्रे एवं साथीगण ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन बोरे–बासी का आनंद लिया।

इस दौरान श्रमिकों के योगदान को याद करते हुए उनके हक और सम्मान की बात कही गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने श्रम की गरिमा को बनाए रखने का संकल्प लिया।



विधायक संगीता सिन्हा ने कहा की श्रम दिवस के अवसर पर जब पूरे देश में मजदूरों के सम्मान और अधिकारों की बात की जा रही है, वहीं क्षेत्र के मनरेगा मजदूर पिछले चार महीनों से अपनी मजदूरी के लिए तरस रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि मनरेगा जैसी योजना का उद्देश्य ग्रामीण गरीबों को रोजगार और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, लेकिन वर्तमान स्थिति में मजदूरों को उनके मेहनत का उचित भुगतान तक नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार केवल दिखावे और प्रचार में लगी हुई है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है, श्रम दिवस पर मजदूरों के सम्मान की बात करना तभी सार्थक होगा जब उन्हें समय पर उनकी मजदूरी मिले, चार महीने से भुगतान लंबित होना सरकार की घोर लापरवाही और विफलता को दर्शाता है।

किशोर साहू ने प्रशासन से मांग की कि लंबित मजदूरी का तत्काल भुगतान किया जाए ताकि मजदूरों और उनके परिवार को आर्थिक संकट से राहत मिल सके साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पाटएँ मजदूरों के साथ मिल कर आंदोलन करेगी, श्रम दिवस पर यह स्थिति न केवल चिंता का विषय है बल्कि मजदूरों के अधिकारों पर भी सवाल खड़े करती है।

### मजदूरों के बीच बैठकर खाया बोरे बासी



**अंडा।** श्रमिक दिवस पर ग्राम भरदा में चल रहे मनरेगा कार्य के बीच मजदूरों के साथ बैठ कर जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व सभापति व जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष टिकेश्वरी लाल देशमुख ने बोरे बासी खाया। उन्होंने श्रमिकों के बीच बासी के महत्व को साझा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ का यह पारंपरिक भोजन हम मेहनत कसो के लिए काफी उपयोगी हे इसके सेवन से शरीर को गर्मी से राहत मिलती है, क्योंकि इसे शरीर को पर्याप्त मात्रा मे बार बार पानी मिलता है। यह ही नही, इसके साथ परंपरागत ढंग से ग्रहण किये जाने वाले अथान चटनी एवं प्याज आदि से शरीर को ठंढक्ता एवं पौष्टिक आहार प्राप्त होता है। उन्होंने श्रमिकों को बधाई देते हुए कहा की श्रमिक हमारे देश के रीड की हड्डी है, इनकी मेहनत से ही सम्पूर्ण विकास संभव है। इस अवसर पर ग्राम की सरपंच सुनीता भारदीय, पूर्व सरपंच जयप्रकाश भारदीय, स्थानीय पंच चंद्रिका देशमुख, बंसी ठाकुर, अशोक देशमुख, भोमराज भर्दिय, भानुमती देशमुख, धनेश देशमुख आदि बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।



## श्रमिक दिवस पर रिसामा में खाया गया बोरे-बासी, मजदूरों के साथ मनाया उत्सव

**अण्डा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर ग्राम रिसामा में जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार मनरेगा मजदूरों के बीच श्रमिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान मजदूरों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक व्यंजन बोरे-बासी का आनंद लिया। कार्यक्रम में श्रमिकों के परिश्रम और योगदान को सराहा गया तथा उनके अधिकारों एवं सम्मान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कांग्रेस से जिला सचिव डा.पिलेश्वर साहू, संदीप चंद्राकर, भूपेश यादव, चूरामन साहू, चंद्रशेखर, प्रशान्त पाण्डेय, गीतेश्वर सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम सरपंच रोशन साहू, ग्राम पंचगण एवं महिला श्रमिकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के प्रति सम्मान प्रकट करना और उनके साथ एकजुटता दर्शाना रहा। ग्राम रिसामा में श्रमिक दिवस का यह आयोजन सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# बालक स्कूल में बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के हृदयस्थल संजय नगर स्थित शास बालक उच्च माध्य. विद्यालय का इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। जानकारी देते हुए बोर्ड परीक्षा प्रभारी लवण कुमार ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम रोशन किया है।



कक्षा दसवीं में कुल 99 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 19 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 36 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। इस प्रकार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 56 प्रतिशत रहा। मेरिट में मुकेश मानकर ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, पायल ने 78.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं खुशबू वैष्णव ने 77.66 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा बारहवीं के कला संकाय में 55 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 18 प्रथम श्रेणी एवं 26 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कला संकाय का कुल परिणाम 80 प्रतिशत रहा। योगराज 78.2%, टिकेश्वरी निषाद 75.8% एवं टीलेश्वरी 73% ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 70 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 39 प्रथम श्रेणी एवं 20 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विज्ञान संकाय का परिणाम 84.29 प्रतिशत रहा। गीतांजली निषाद ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, देविका पटेल ने 89.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं भावना बम्बोड़े ने 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में 20 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 6 प्रथम श्रेणी एवं 8 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय का परिणाम 70 प्रतिशत रहा। अंकित श्रीवास्तव 74.2%, नीरज कुमार 72% एवं सिद्धि यादव 69.2% ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद संस्था प्रमुख वीरेंद्र कुमार भंडारी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने संतोषजनक परिणाम के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की तथा आगामी वर्षों में और बेहतर परिणाम के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। इस अवसर पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लीलेंद्र कुमार सिन्हा, शिक्षा समिति की पदेन अध्यक्ष नेहा उपाध्याय, एलके ठाकुर, पीके मेश्राम, आरएस देशमुख सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन स्टाफ, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## टॉपर छात्रा तुलसी को बधाई देने पहुंचे ताम्रध्वज..



**अंडा।** ग्राम बोरई के उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्रा कुमारी तुलसी साहू ने 10वीं की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया। इस शानदार सफलता पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू ने छात्रा के निवास पर पहुंचकर उन्हें तथा उनके परिजनों को बधाई दीं। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रा की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि क्षेत्र के लिए भी गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि से ग्राम बोरई, साहू समाज और दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्र देशमुख, पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेन्द्र यादव, पूर्व शाला प्रबंध एवं विकास समिति कैलाश सिन्हा, मिथलेश देशमुख, डॉ. जितेंद्र साहू, राहुल साहू, गोपाल साहू, दुष्यंत साहू, शशि साहू उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में कुल 101 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें अंग्रेजी माध्यम में चितरंजन साहू 93 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रहे तथा हिंदी माध्यम में टिकेंद्र कुमार 85 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे।



कक्षा 12वीं में हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम में विज्ञान संकाय में 62 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें रसमांशु साहू (गणित) 93.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रहे तथा हिंदी माध्यम में कुमारी हेमा देवांगन (गणित) 90.8 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में 38 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें अंग्रेजी माध्यम से कुमारी नेहा साहू ने 88.8 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया तथा हिंदी माध्यम से कुमारी झरना ने 76.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य कविता साहू, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला एवं एसएमडीसी अध्यक्ष अंगेश्वर साहू ने सफल बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। बाल्यकाल से मिला संस्कार लाभान्वित करती है सेजस जामगांव आर के 12वीं में टॉपर रामांशु पिता डॉ. गुलाब साहू से जब पूछा गया कि क्लास में टॉप करने का राज क्या है। पलक झपकते ही रामांशु बोले जो बच्चा माता पिता गुरु का बात मानेगा, उसका होनहार बनना तय है। मुझे सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर और माता पिता से बाल्यकाल में संस्कार मिला सेजस जामगांव आर गुरुजनों का कुशल मार्गदर्शन स्नेह मिला। मिले नंबर पर संतुष्टि के विषय पर रामांशु बोले बोर्ड ने शंका समाधान के लिए रास्ते खुले रखे है लाभ उठाएंगे।

### 5वीं 8वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

5वीं 8वीं अंग्रेजी माध्यम में शत प्रतिशत, 8वीं क्लास हिंदी माध्यम 98 प्रतिशत परीक्षा परिणाम सेजस जामगांव आर का रहा, प्रधान पाठक प्राइमरी खैरुन्नीशा खान प्रभारी प्रधान पाठक सीएल साहू, सुशीला निर्मल ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# किल्लेकोड़ा स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल क्षेत्र में स्थित उच्च माध्य विद्यालय किल्लेकोड़ा ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (कक्षा 10वीं) में कुल 28 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे, जिनमें से 24 प्रथम श्रेणी एवं 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा।

वहीं कक्षा 12वीं में कुल 24 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि कला एवं विज्ञान संकाय मिलाकर कुल परिणाम 79.16 प्रतिशत दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि कक्षा 12वीं का यह विद्यालय का प्रथम बैच था, इसके बावजूद छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन





कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में कु यशस्वी ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। चंद्रमुखी 71.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय, जबकि कु डिलेश्वरी एवं कु देविका 69.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में कु पायल 70.4 प्रतिशत के साथ प्रथम, ईशा 67.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं साक्षी 66.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा 10वीं में भुवनेश्वरी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राची 77.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं कु कशीश 76.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

### अन्य कक्षाओं के परिणाम घोषित

कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय में मीनाक्षी प्रथम, लीना द्वितीय एवं निशा तृतीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में दामिनी प्रथम, प्रेरणा द्वितीय एवं साहिल कुमार तृतीय रहे। कक्षा 9वीं में तनु प्रथम, निकिता द्वितीय एवं अर्चना तृतीय स्थान पर रहीं।

### शिक्षकों के प्रयासों को दिया गया श्रेय

इस अवसर पर अजय मुखर्जी ने कहा कि विद्यालय का परिणाम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट रहा है, जिसका पूरा श्रेय विद्यालय के समस्त स्टाफ की मेहनत को जाता है। वहीं कार्यक्रम का संचालन एवं संपादन डॉ. बीएल साहसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्याख्याता चंद्र जयपाल सिंह पटेल, परीक्षा प्रभारी जेपी बांधव, घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर, मुक्ति मैडम, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# संबलपुर के वार्ड में दुलपुतरी विवाह की धूम पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

समीपस्थ ग्राम संबलपुर के वार्ड 2 एवं 3 में बीते दिनों दुलपुतरी विवाह (गुड़िया विवाह) का आयोजन किया गया। इस अनूठे आयोजन में पूरा मोहल्ला एक परिवार की तरह शामिल हुआ, जहां लोक संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।



कार्यक्रम में विवाह की सभी पारंपरिक रस्में तेल-हल्दी, मंडप सज्जा, बारात और वैवाहिक विधि वास्तविक शादी की तर्ज पर संपन्न कराई गईं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं द्वारा गाए गए मंगल गीतों से वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान रेखा जोशी, बिमला बाई, सुनहेर कोर्राम, विरेंद्र अजनबी, सुनीता विश्वकर्मा, रोमा धनगुन, दुलेश कोठरी, मीना पटेल एवं दामेश्वरी साहू सहित दोनों वार्डों के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन हमारी लोक परंपराओं को जीवित रखने के साथ ही सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। दुलपुतरी विवाह के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन की खुशी को दोगुना कर दिया।



हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



### द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



### तृतीय उपहार
10 नग LED TV



### चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



### पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



### छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



### सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



### आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



### नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



### दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



### ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें

हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर

फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740